महत्वपूर्ण/प्राथमिकता

संख्या-41/2017/2707/60-2-17-2/3(12)07 टीसी

प्रेषक,

राजीव कुमार,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

महिला एवं बाल विकास अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 06 अक्टूबर, 2017

विषय : वित्तीय वर्ष 2016-17 में मनरेगा, पंचायतीराज एवं आई0सी0डी0एस0 विभाग के कन्वर्जेन्स के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-1276/60-2-17-2/1 (26)/12, दिनांक 24 मई, 2017 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा कन्वर्जेन्स के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण कर दिनांक 15.07.2017 तक समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य पूर्ण कराने की अपेक्षा की गयी थी, किन्तु अभी तक वित्तीय वर्ष 2016-17 के आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण पूर्ण नहीं हो पाया गया है।

अवगत ही हैं कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में मनरेगा, पंचायतीराज एवं आई0सी0डी0एस0 विभाग के कन्वर्जेन्स के माध्यम से प्रदेश में 9269 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण हेतु धनराशि दिनांक 22 मार्च 2017 को जनपद स्तर पर जिलाधिकारी के माध्यम से कार्यदायी संस्थाओं का चयन कर धनराशि उपलब्ध करा दी गयी है। आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण की समीक्षा बैठक में यह पाया गया कि ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत, जिला पंचायत, लोक निर्माण विभाग एवं यू0पी0आर0एन0एस0एस0 कार्यदायी संस्थाओं को आवंटित केन्द्रों के सापेक्ष उनके द्वारा अब तक की गयी प्रगति अत्यन्त ही असन्तोषजनक है। अधोहस्ताक्षरी के पत्र दिनांक 24-05-2017 द्वारा आंगनबाड़ी भवन केन्द्रों के निर्माण का कार्य दिनांक

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

15-07-2017 तक पूर्ण करने के निर्देश पूर्व में दिये जाने के बावजूद आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण की गति अत्यन्त धीमी है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया वित्तीय वर्ष 2016-17 के अवशेष निर्माण कार्यों की अपने स्तर से गहन समीक्षा करते हुये प्रत्येक दशा में दिसम्बर 2017 तक आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

राजीव कुमार
मुख्य सचिव

संख्या-41/2017/2707/60-2-2017, तददिनांक।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण की अपने स्तर पर गहन समीक्षा करते हुये शत-प्रतिशत लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें:-

1. अपर मुख्य सचिव, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0।
5. सचिव, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 शासन।
6. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अनीता सी0 मेश्राम)
सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।